

## एक नजर में

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत, पुलिस में जुटी जाँच में

**नीमच।** जिले के कुकड़ेश्वर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गणेशपुरा निवासी 28 वर्षीय समरथ पिता गोपाल मेघवाल की जहरीला पदार्थ गटकने से मोत हो गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार समरथ ने 24 जनवरी की रात को सल्फास का सेवन कर लिया था। परिजनों को जब उसकी तबीयत बिगड़ने की जानकारी मिली तो तत्काल उसे उपचार के लिए रामपुरा स्थित शासकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर बताई गई, जिस पर उसे बेहतर इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में रेफर किया गया। निजी अस्पताल में उपचार के दौरान बुधवार शाम को समरथ ने दम तोड़ दिया।बुधवार सुबह समरथ के शव को पोस्टमार्टम के लिए नीमच जिला अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा म्रतक के शव का पोस्टमार्टम किया गया। इसके पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया गया। कुकड़ेश्वर थाना पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है और घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

### मुख्यमंत्री का कल मल्हारगढ पहुंचकर करें भावभीना स्वागत : परिहार



**नीमच।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का कल मल्हारगढ आगमन हो रहा है। मुख्यमंत्री के क्षेत्र में आगमन पर हर्ष व्यक्त करते हुए विधायक दिलीपसिंह परिहार ने क्षेत्र की सभी लाडली बहनों, किसानों और कार्यकर्ताओं से अधिकाधिक संख्या में मल्हारगढ पहुंचकर किसान हितेषी, लाडली बहनों के भाई मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का मालवा की परम्परा अनुसार भावभीना आत्मीय स्वागत करने की अपील की है। श्री परिहार ने कहा कि डॉ. मोहन यादव प्रदेश के चहुंमुखी विकास में प्रण-प्राण से कार्य करने वाले प्रदेश के लाडले मुख्यमंत्री हैं।उनका क्षेत्र में आगमन खुशी की बात है।

### कृषि वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में आज नीमच में किसानों की मोटर साइकिल रैली का आयोजन

**नीमच।** वर्ष 2026 को ''कृषि वर्ष'' के रूप में मनाया जा रहा है।इस उपलक्ष्य में आज 29 जनवरी 2026 को दोपहर 12.30 बजे जिला स्तर पर किसानों की मोटर साइकिल रैली आयोजित की जा रही है। किसानों के बीच जागरूकता एवं सकारात्मक का वातावरण निर्मित करने के उद्देश्य से आयोजित इस रैली में किसान कल्याण वर्ष शासकीय विभागीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार एवं किसानों के प्रति सम्मान को प्रकट किया जावेगा।रैली में जिले के प्रगतिशील कृषक, युवा एवं नवाचारी किसानों की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी। रैली में हेलमेट की अनिवार्यता एवं यातायात जागरूकता का संदेश भी दिया जाएगा।यह रैली टीवीएस शौरूम चौराहा, अम्बेडकर रोड, शिवाजी सर्कल, फव्वारा चौक, प्लेटिनम चौराहा, लायन्स पार्क चौराहा, गोमाबाई चौराहा, एलआईसी चौराहा होते हुए कार्यालय अनुविभागीय कृषि अधिकारी कार्यालय टीवीएस शौरूम चौराहा, अम्बेडकर रोड नीमच पर आकर रैली का समापन होगा।

### जिला कौशल विकास समिति की बैठक आज

**नीमच।** जिला कौशल विकास समिति हेतु कलेक्टर हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में जिला कौशल विकास समिति की बैठक का आयोजन आज 29 जनवरी 2026 को दोपहर 12.30 बजे से किया जा रहा है।सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित होने का आगृह किया गया है।

### यूजीसी के समानता नियम- 2026 के विरोध में सवर्ण समाज ने सौंपा ज्ञापन



**जावद।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा लागू 'उच्च शिक्षण संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने के नियम, 2026' के विरोध में बुधवार को सवर्ण समाज जावद के तत्वावधान में तहसील कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया गया।इस दौरान सवर्ण समाजजनों ने नारेबाजी करते हुए अपनी आपत्ति दर्ज कराई और राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन तहसीलदार नवीन गर्ग को सौंपा।ज्ञापन के माध्यम से सवर्ण समाज ने उक्त नियमों को लेकर असंतोष व्यक्त करते हुए इसके संभावित दुरुपयोग की आशंका जताई तथा नियमों की पुन: समीक्षा की मांग की। समाजजनों का कहना है कि यह नियम उच्च शिक्षण संस्थानों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों और कार्यरत शिक्षकों को प्रभावित कर सकता है।इस अवसर पर बड़ी संख्या में सवर्ण समाजजन उपस्थित रहे और सभी ने एक स्वर में नियमों के खिलाफ आवाज उठाई।कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ।

### आनंद उत्सव में बिखरी खुशियां, बच्चों ने मनाया आनंद का उत्सव




**नीमच।** मध्यप्रदेश सरकार (राज्य आनंद संस्थान) के निर्देशानुसार प्रदेश के हर गांव और शहर में आनंद उत्सव मनाया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रदेश के नागरिकों में प्रसन्नता और खुशी का संचार करना है।इसी तारतम्य में ग्राम पंचायत तारापुर एवं उम्मेदपुरा में आनंद उत्सव धूमधाम से मनाया गया, जिसमें बच्चों, महिलाओं एवं बुजुर्गों ने पारम्परिक खेलों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं समूह गतिविधियों का आनंद उठाया।स्थानीय लोक कला, कबड्डी, रस्साकशी जैसे खेलों में सभी आयु वर्ग की भागीदारी पर जोर देना रहा न कि प्रतिस्पर्धा पर।जादूगर ढोंढूराम ने बच्चों को हास्य, जादू एवं शिक्षाप्रद कार्यक्रम दिखाकर आनंदित किया।इस अवसर पर ग्राम पंचायत उम्मेदपुरा सरपंच मनीश धाकड, सचिव श्री धाकड, ग्राम पंचायत तारापुर सरपंच नेमीचंद धाकड, सचिव कालूराम सालवी, उपसचिव दीपक बाडीका, शासकीय कन्याशाला विद्यालय उम्मेदपुरा प्रधानाचार्य निलेश सारस्वत, शिक्षक अर्जुन अहीर, श्रीमती कन्या बोहरा, रेखा धाकड सहित उपस्थित थे।

### जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आज

**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की कार्यकारी समिति की बैठक आज 29 जनवरी 2026 को शाम 4 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में आयोजित की जा रही है। मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आर.के.खद्योत ने सभी संबंधित अधिकारियों, चिकित्सकों और समिति सदस्यों से अनिवार्य रूप से बैठक में उपस्थित होने का आगृह किया है।

## नशे में धुत आरक्षक ने सब्जी विक्रेता को टक्कर मारी

▸ **विरोध पर वर्दी का रौब दिखाकर दी गालियां, एसपी ने किया सस्पेंड**



**नीमच।** शहर में पुलिस की दबंगई और नशेबाजी का एक मामला सामने आया है। नीमच सिटी थाना क्षेत्र के जेतपुरा फंटे के पास बुधवार सुबह पुलिस लाइन में पदस्थ आरक्षक जयराम मेघवाल ने शराब के नशे में धुत होकर एक सब्जी विक्रेता की बाइक को टक्कर मार दी। विरोध करने पर आरक्षक ने पीड़ित को गालियां दीं और झूठे केस में फंसाने की धमकी दी।इस घटना के बाद आरक्षक को निलंबित कर दिया गया है।

यह घटना तब हुई जब आरक्षक जयराम मेघवाल ने सड़क किनारे बाइक पर सब्जी बेच रहे सुरेंद्र सिंह राणावत को अपनी गाड़ी से टक्कर मारी। टक्कर लगने के बाद जब सुरेंद्र सिंह ने आरक्षक से सावधानी से गाड़ी चलाने को कहा, तो आरक्षक आगबबूला हो गया।उसने अपनी वर्दी का रौब दिखाते हुए पीड़ित को सरेआम भद्दी गालियां दीं और उसे झूठे केस में फंसाकर जेल भेजने की धमकी दी। पीड़ित ने इस बदसलूकी का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

घटना की जानकारी मिलते ही करणी सेना के जिलाध्यक्ष गजेंद्र सिंह चौहान, समाजजन और ग्रामीण नीमच सिटी थाने पहुंचे।उन्होंने इस घटना पर जमकर आक्रोश व्यक्त किया। करणी सेना जिलाध्यक्ष गजेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि गिरदौड़ा निवासी सुरेंद्र सिंह मेहनत-मजदूरी कर अपना गुजारा करता है। उन्होंने आरक्षक के इस व्यवहार को बर्दाश्त के बाहर बताया और आरोपी आरक्षक जयराम मेघवाल के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई और उसे तत्काल निलंबित करने की मांग की।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने वायरल वीडियो और शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी।सीएसपी किरण चौहान ने बताया कि शराब के नशे में धुत पुलिसकर्मी की शिकायत मिलने के बाद उस पर कार्रवाई की गई है। आरक्षक जयराम मेघवाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।



## शीतलहर के बाद भी श्री हनुमान चालीसा पाठ में भारी संख्या में हो रहे भक्त शामिल

**मनासा।** सनातन परिवारो के बीच सामाजिक समरसता,परिवार एकता,धार्मिक संस्कार जागृति के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया श्रीहनुमान चालीसा सामुहिक पाठ नगर का धर्म संस्कार बन गया, जिसमें सपरिवार भारी संख्या में भक्त सम्मिलित हो रहे है।

ऐसा ही सुन्दर दृश्य डॉ.अम्बेडकर नगर स्थित श्री भीमाशंकर महादेव मंदिर पर 71वें श्री हनुमान चालीसा पाठ के समय दिखाई दिया, जिसमें शीतलहर के बाद भी भारी संख्या में सनातन परिवार जुटे। सत्संग का प्रारंभ मंदिर समिति के बाबूलाल जौनवाल, डॉ. दिलीप टीकाकार, बंटी सराह, अर्पित शर्मा, मुकेश बसेर महेश बसेर, गौरव बैरागी, जगदीश बोराना, रवि योगी आदि व्दारा श्रीहनुमान जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित करते हुए किया।

सत्संग की भजनमाला में राजकुमार मारु ने अपने भजन से हनुमानजी को उनकी शक्तियो को स्मरण कराया तो सत्यनारायण सोनी ने कैलाश के निवासी महादेव की स्तुति की तो अर्पित शर्मा ने जन-जन में प्रिय भजन घुमादे मारा बालाजी घम्मर घम्मर घोटो से भक्तो को खुब नृत्य करवाया वहीं कमल विजयवर्गीय ने भगवान श्रीकृष्ण को उलाहना देते हुए मारा सांवलिया रा सेठ तु कहां हो गयो लेट से अपनी हाजरी लगाई। गायक अरुण झंवर ने मेरे बालाजी महाराज जयकारा गुंजे गली गली भजन से श्रीहनुमान जी का गुणगान किया वहीं ओम सोनी ने हमारे पास श्रीरघुनाथ तो किस बात की चिंता हमें भजन से अपने विश्वास को प्रकट किया साथ ही गोपाल राठौर ने 'डमरू वाला बाबा चाल्या देखो ब्याह रचाया से' भजन व्दारा शिव पार्वती विवाह की सुन्दर झांकी का चित्रण किया

सनातन सत्संग मंडल व्दारा विराट आयोजन के लिए मंदिर समिति व सभी सनातन परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए 72वें सामुहिक श्रीहनुमान चालीसा पाठ में आगामी 3फरवरी को ठीक 8बजे श्री महादेव मंदिर, कमला नेहरु नगर पर पधारने का आग्रह किया।



## नाले के पानी से खेत में अवैध सिंचाई पर नपा की कार्रवाई, 2 विद्युत मोटर व 1 पम्प जब्त

**नीमच।** शहर के दोनों और बहने वाले नालों से अवैध रूप से विद्युत मोटर लगाकर खेतों में सब्जियों व फसल में गंदे पानी से सिंचाई करने वालों पर नगर पालिका परिषद नीमच द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी दुर्गा बामनिया के नेतृत्व में कार्यवाही निरंतर जारी है!

पूर्व में पांच विद्युत मोटर जप्त करने के बाद नगर पालिका ने पुन: बुधवार 28 जनवरी को दो विद्युत मोटर व एक डीजल पंप जप्त किया।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी बामनिया के निर्देश पर जलकल विभाग के नाथूलाल नागर ने श्री कचरूलाल राठौर, मोहम्मद सलीम एवं अन्य कर्मचारियों के साथ शहाबुद्दीन बाबा रोड पर जाकर नाले के गंदे पानी से मोटर लगाकर खेतों में सिंचाई करने की शिकायत पर मौका निरीक्षण किया तो नई पुलिया के नीचे बहने वाले नाले से 1 विद्युत मोटर व 1 डीजल पंप लगाकर अवैध रूप से खेतों में सिंचाई पाए जाने पर 1 विद्युत मोटर व 1 डीजल पंप जब्त किया।

## लगातार पाँचवीं बार परेड चैंपियन बना टैलेंट एकेडमी, जीरन का नाम किया रोशन

▸ **टैलेंट अकेडमी हायर सेकेंडरी स्कूल, जीरन ने एक बार फिर अपना परचम लहराया**



**जीरन।** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के पावन अवसर पर सी एम राइस शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्कूल मैदान, जीरन में आयोजित नगर स्तरीय मार्च-पास्ट परेड इस बार भी देशभक्ति, अनुशासन और उत्साह का अद्भुत संगम बनी। पूरे नगर की शैक्षणिक संस्थाओं की शानदार भागीदारी के बीच टैलेंट अकैडमी हायर सेकेंडरी स्कूल, जीरन ने एक बार फिर अपना परचम लहराते हुए लगातार पाँचवें वर्ष प्रथम स्थान हासिल कर इतिहास दोहरा दिया।

कार्यक्रम में विद्यालयों की टुकड़ियों ने सटीक कदमताल, अनुशासन और आकर्षक प्रस्तुति से दर्शकों और निर्णायकों का मन मोह लिया, लेकिन टैलेंट अकैडमी की परेड ने विशेष रूप से सबका ध्यान आकर्षित किया। विद्यार्थियों की एकरूप वेशभूषा, सधी चाल और जोशीले कमांड ने मैदान में उपस्थित अतिथियों और नागरिकों से खूब तालियां बटोरीं। विद्यालय प्रबंधक पंकज चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विद्यालय को मुख्य समारोह में विजेता शील्ड एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अनुशासनात्मक वातावरण का परिणाम है।

वर्ष 2009 से संचालित टैलेंट अकैडमी बीते 16 वर्षों से शिक्षा, अनुशासन और संस्कारों के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट कार्य कर रही है। विद्यालय केवल परेड या सांस्कृतिक गतिविधियों में ही नहीं, बल्कि शैक्षणिक क्षेत्र में भी अग्रणी रहा है। खेलों में भी विद्यालय के विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए खो-खो और कबड्डी प्रतियोगिताओं में संभाग स्तर तक अपना स्थान बनाया है, जो संस्थान की सर्वांगीण शिक्षा प्रणाली को दर्शाता है।

## महाराणा प्रताप की भव्य अश्वारुढ़ प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम

▸ **यूजीसी को लेकर जीवन सिंह शेरपुर ने कहा हम अपने हक की लड़ाई जारी रखेंगे**




**सिंगोली।** नगर में स्थित पुराना बस स्टैंड पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण मंगलवार को राजपरिवार और राजनेताओं की उपस्थिति में बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस दौरान करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर ने कहा कि आज हम महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण करने के लिए एकत्रित हुए हैं लेकिन अभी केंद्र सरकार द्वारा एक बिल लाया गया है जिसका नाम है यूजीसी।हम एस सी एस टी वर्ग के खिलाफ नहीं है वे हमारे भाई है लेकिन यूजीसी बिल में सामान्य वर्ग को अपना पक्ष रखने का भी मौका नहीं दिया गया है और इस बिल में यदि कोई कॉलेज में पढ़ने वाला कोई सामान्य वर्ग का विद्यार्थी अच्छा पढ़ने वाला है और उसके खिलाफ द्वेषतापूर्वक किसी एस सी एस टी वर्ग के छात्र द्वारा उसकी शिकायत कॉलेज प्रबंधन को कर दी जाती है तो उसे अपना पक्ष रखने का भी अधिकार नहीं है। हम ऐसे कानून का विरोध करते है। महाराणा प्रताप ने हमें सीख दी है जो हमें अपने अधिकारों के लिए लड़ना सिखाती है। पहले एट्रॉसिटी एक्ट आया था जिस पर ना भाजपा नेताओं ने कुछ कहा और ना ही कांग्रेस नेताओं ने कुछ कहा। यदि यूजीसी कानून को वापिस नहीं लिया जाता है तो हमें दोनों ही पार्टियों को वोट नहीं देना है और अपने संघर्ष को जारी रखना है।इस अवसर पर विधायक ओमप्रकाश सखलेचा सहीत सभी मंचासीन वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में महाराणा प्रताप मूर्ति के अनावरण पर शुभकामनाएं देते हुए अपना अपना उद्बोधन देते हुए महाराणा प्रताप के जीवन पर प्रकाश डालामहाराणा प्रताप की अश्वारूढ़ प्रतिमा का अनावरण मंगलवार रात 8 बजे जोरदार आतिशबाजी के साथ मुख्य अतिथि कुंवरानी सा हर्षेंद्रा कुमारी बिजौलिया राजपरिवार, अध्यक्षता चंद्रवीर सिंह नमाना महाराणा प्रताप स्मारक अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष, ओम प्रकाश सखलेचा पूर्व मंत्री एवं विधायक जावद, ठा. जीवन सिंह शेरपुर राष्ट्रीय अध्यक्ष करणी सेना, सुरेश जैन भाया अध्यक्ष नगर परिषद सिंगोली, मोतीलाल धाकड़ उपाध्यक्ष नगर परिषद सिंगोली, भंवर परीक्षित सिंह पानरवा राणा पूंजा वंशज, अर्जुन सिंह गौड़ अध्यक्ष राजस्थान सरपंच संघ, सत्यवीर सिंह मेवाड़ अध्यक्ष महाराणा प्रताप स्मारक अभियान, भाजपा जिला मंत्री अशोक सोनी विक्रम, भाजपा मंडल अध्यक्ष राधेश्याम मेघवंशी आदि की गरिमामय उपस्थिति में किया गया। इस दौरान नगर व क्षेत्र के सर्वसमाज के महिला पुरुष एवं बड़ी संख्या मे युवा वर्ग उपस्थित था।



## सीसीआई पुन: चलाने व बकाया वेतन भुगतान की मांग

▸ **कर्मियों ने सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन**

**नीमच।** सीमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (सीसीआई) नयागांव फैक्ट्री को पुन: चालू कराने, कर्मियों के नियमितीकरण तथा बकाया वेतन भुगतान की मांग को लेकर बुधवार को 'सीसीआई चलाओ-भविष्य बचाओ-न्याय दिलाओ' संघर्ष समिति के तत्वावधान में श्रमिक-कर्मचारियों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर के नाम डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि सीसीआई की नयागांव सीमेंट फैक्ट्री वर्ष 2008 से बंद पड़ी है, जिससे यहां कार्यरत रहे सैकड़ों श्रमिकों व कर्मचारियों का भविष्य संकट में है। समिति ने मांग की कि स्थानीय प्रशासन अति शीघ्र फैक्ट्री को सरकारी क्षेत्र में पुन: चालू कराने की कार्यवाही करे तथा फैक्ट्री की भूमि व खदान किसी भी स्थिति में किसी निजी उद्योग को न दी जाए।ज्ञापन में यह भी बताया गया कि माननीय उच्च न्यायालय, इंदौर की डबल बेंच द्वारा लोडरों के बकाया वेतन के संबंध में स्पष्ट आदेश दिए जाने के बावजूद आज तक भुगतान नहीं हुआ है। तहसीलदार जावद द्वारा फैक्ट्री की भूमि की कुड़की की प्रक्रिया भी लंबित है। समिति ने मांग की कि तत्काल कुड़की कराकर श्रमिकों का बकाया वेतन दिलवाया जाए।इसके साथ ही वर्तमान में कार्यरत सुरक्षा गार्ड्स के नियमितीकरण का आदेश सेंट्रल गवर्नमेंट इंडस्ट्रियल ट्रिब्यूनल, जबलपुर द्वारा दिए जाने के बावजूद अमल नहीं हुआ है।

**एक नजर** | **सिंगोली में ऐतिहासिक विराट हिंदू सम्मेलन संपन्न**

## 2100 से अधिक कलश एवं झांकियों के साथ निकली शोभायात्रा



**सिंगोली।** विगत एक माह से विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर नगर में चल रही तैयारियों का परिणाम आज नगर वासियों को ऐतिहासिक एवं विराट हिन्दू सम्मेलन के रुप में देखने को मिला।संघ शताब्दी वर्ष को लेकर दिनांक 28 जनवरी को

नगर के गौतमालय भवन से एक विशाल शौभायात्रा निकली जिसमें 2100 से अधिक महिलाएं सिर पर कलश लेकर चल रही थी। साथ ही राष्ट्र भक्ति से ओत-प्रोत अनेक झांकियां भी शौभायात्रा में शामिल थी।हिन्दू सम्मेलन को लेकर नगर में जबरदस्त उत्साह का वातावरण देखने को मिला।आज निकली शौभायात्रा गौतमालय भवन से आरंभ होकर जैन मंदिर, चौधरी मोहल्ला, अहिंसा पथ, बापु बाजार, विवेकानंद बाजार, पुराना बस स्टैंड, तिलस्वां चौराहा, नया बस स्टैंड, होते हुए सभा स्थल पुरानी नगर पालिका के यहां पहुंची जहां एक धर्म सभा में परिवर्तित हो गई।सभा को संबोधित करने के लिए संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी विक्रम सिंह सिसौदिया प्रांत प्रमुख धर्म जागरण, वरिष्ठ संत भड़केश्वरी पीठाधिश रामप्रियदास जी थड़ोद, मातृशक्ति के रुप में बहन साक्षी पुरोहित उपस्थित रहे।धर्म सभा की शुरुआत भारत माता ओर भगवान श्री राम की पुजा अर्चना से हुई सभा में बोलते हुए संत श्री राम प्रियदास जी ने कहा कि आज हम संघ का शताब्दी वर्ष मना रहे हैं। यह हमारे लिए बड़े गर्व की बात है।संघ ही एक मात्र ऐसा संगठन हे जो हिन्दू समाज को एक करने का काम कर रहा है। हम हिन्दू लोगों को साज़िश के तहत जातियों में बांटा जा रहा है। हमे इस बात पर गंभीरता से विचार करना होगा। हम सब हिन्दू हे हमे हमारी संस्कृति के अनुरूप गौ माता को पालना चाहिए तथा हमारी संतानों को गाय का दुध पिलाना चाहिए गाय के दुध हेतु हमारे घरों में गौ माता का वास होना चाहिए इस तरह अनेक महत्वपूर्ण बातें कहने के साथ ही आखरी मे कहा की हमे कुत्ता पालन संस्कृति से बचना चाहिए ओर गाय पालना चाहिए। सभा में बोलते हुए बहन साक्षी पुरोहित ने कहा कि हमे पंच परिवर्तन पर ध्यान देना होगा परिवार में सामुहिकता का भाव होना चाहिए हमे जल जंगल जमीन की रक्षा के भाव जगाना है हमारा राष्ट्र विश्व गुरु बने इसके लिए जागरूक नागरिक बनना ओर अधिकारो के साथ कर्तव्य का बोध भी होने की बात कही सभा में मुख्य वक्ता के रुप में बोलते हुए विक्रम सिंह सिसौदिया ने कहा कि हमे गर्व है कि हम संघ के स्वंय सेवक हे आज संघ अपनी शताब्दी का महोत्सव पुरे देश में मना रहा है।